


# अध्याय 3 जोड़ना

 और  बराबर 




4 + 3 = 7

4 और 3 मिलकर 7 होते हैं।

5 + 4 = ☐

5 और 4 मिलकर 9 होते हैं।

☐ + ☐ = ☐


3 और 2 मिलकर 5 होते हैं।





☐ + ☐ = ☐

........ और ........ मिलकर ........ होते हैं।




☐ + ☐ = ☐

2 और ........ मिलकर ........ होते हैं।


अब इन्हें भी जोड़ो –

| | | |
|---|---|---|
| 3 + 2 = ☐ | 6 + 2 = ☐ | 8 + 1 = ☐ |
| 2 + 3 = ☐ | 2 + 6 = ☐ | 1 + 8 = ☐ |
| 5 + 2 = ☐ | 4 + 4 = ☐ | 7 + 2 = ☐ |
| 2 + 5 = ☐ | 5 + 3 = ☐ | 2 + 7 = ☐ |
| 4 + 3 = ☐ | 7 + 1 = ☐ | 5 + 4 = ☐ |
| 3 + 4 = ☐ | 3 + 5 = ☐ | 4 + 5 = ☐ |
| 6 + 1 = ☐ | 8 + 0 = ☐ | 6 + 3 = ☐ |

# कौन ज्यादा चढ़ा?




सोनू और मोनू दो–दो पासों से खेल रहे थे। जितना पासे पर आये उतनी सीढ़ी पर चढ़ें। सोनू का 3 और 2 आया, वह पहले 3 और फिर 2 चला। मोनू के पासों पर 5 और 1 आया। दोनों झगड़ने लगे। सोनू बोला हम बराबर हैं, एक तुम्हारे पासे पर बड़ी संख्या और एक मेरे पासे पर बड़ी संख्या। मोनू बोला मेरा जोड़ तुम से ज्यादा है। उसने खानों में रंग भरा। पहले 5 में और फिर 1 में और बोला तुम तो 5 ही रंग पाओगे, मैंने तो 6 खाने रंग दिए। तुम भी ऐसे ही खेलो और खाने रंग कर देखो किसका जोड़ अधिक आया।



कॉपी में और भी खाने बना कर खेलो।



# किसने कितने उठाए?



चार साथी मिलकर एक समूह बनाओ। बाहर से कंकड़ ले आओ। प्रत्येक बच्चा आँखें बन्द करके ढेरी से कुछ कंकड़ उठाओ। सब अपने–अपने कंकड़ गिनो।

पहले बच्चे के पास कितने कंकड़ आए? = ☐

दूसरे बच्चे के पास कितने कंकड़ आए? = ☐

तीसरे बच्चे के पास कितने कंकड़ आए? = ☐

चौथे बच्चे के पास कितने कंकड़ आए? = ☐

पहले और दूसरे बच्चे के पास कुल कितने कंकड़ हुए?

☐ + ☐ = ☐

तीसरे और चौथे बच्चे के पास कुल कितने कंकड़ हुए?

☐ + ☐ = ☐

चारों बच्चो के पास कुल कितने कंकड़ हुए?

☐ + ☐ = ☐

कंकड़ वापस मिला दो। एक बार फिर कंकड़ उठाओ और गिन कर नई तालिका भरो।




# किसके पास कितनी?

कक्षा के बच्चे 4–4 के समूह में बँट जाओ। अपनी–अपनी कॉपी, किताबों को गिनो और लिखो। किसी समूह के एक बच्चे की कॉपी व किताब संख्या दी गई है। आप अपनी किताबों और कॉपियों की संख्या इसी प्रकार पंक्ति में भरो।



| | नाम | कॉपी | किताब |
|---|---|---|---|
| तुम्हारा नाम | | | |
| पहले दोस्त का | | | |
| दूसरे दोस्त का | | | |
| तीसरे दोस्त का | | | |

तुम्हारे पास कुल कितनी कॉपी और किताबें हैं? = ☐

–––––– के पास कितनी कॉपी और किताबें हैं? = ☐

–––––– के पास कितनी कॉपी और किताबें हैं? = ☐

–––––– के पास कितनी कॉपी और किताबें हैं? = ☐

समूह के चारों बच्चों के पास कुल कितनी कॉपियाँ हैं? = ☐

समूह के चारों बच्चों के पास कुल कितनी किताबें हैं? = ☐


तुम चारों के पास कुल कितनी कॉपी व किताबें हैं? = ☐

और भी चीजें गिनो और जोड़ो।



## हल करें?


1. तुम्हारे पास 4 फूल थे। रश्मि ने तुम्हें 2 फूल और दिए। अब तुम्हारे पास कुल कितने फूल हो गये ?
2. रानी के पास 10 मालाएँ थीं। राजा ने उसे 7 मालाएँ और दे दीं। अब रानी के पास कुल कितनी मालाएँ हो गईं ?



3. एक गुलदस्ते में 6 फूल लाल रंग के और 5 फूल पीले रंग के हैं। बताओ कि गुलदस्ते में कुल कितने फूल हैं?
4. अनिता के दोनों हाथों में 8–8 चूड़ियाँ हैं। बताओ अनिता ने कुल कितनी चूड़ियाँ पहन रखी हैं?
5. दूसरी कक्षा में 8 पुरानी टाटपट्टियाँ और 5 नई टाटपट्टियाँ हैं। कक्षा में कुल कितनी टाटपट्टियाँ हैं?
6. सुमीत के पास 4 रुपये और सौरभ के पास 6 रुपये थे। दोनों को 3–3 रुपये और मिले। अब उनके पास कितने–कितने रुपये हो गये?
7. मीना के पास 5 खिलौने और सुरभि के पास 3 खिलौने थे। दोनों को 2–2 खिलौने और मिले। अब उन दोनों के पास कुल कितने खिलौने हो गये?


# संख्या रेखा पर जोड़

(1)





2 + 3 = 5

(2)





5 + □ = 9

(3)





□ + □ = 11

(4)





□ + □ = □

(5)




□ + □ = □


(6)




□ + □ = □








→ 22

\+

→ 3




→ 25











→ □

\+

→ 3



→ □




→ □

\+

→ □




→ □



→ □

\+

→ □




→ □

## हल करो


जोड़ो –





46 और 3 जोड़ो

72 और 26 जोड़ो



62 और 7 जोड़ो

30 और 20 जोड़ो

23 और 6 जोड़ो


35 और 3 जोड़ो

$$\begin{array}{r} 64 \\ +\ 5 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 20 \\ +\ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 53 \\ +\ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 71 \\ +\ 8 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 13 \\ +\ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 98 \\ +\ 1 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

## कुछ और सवाल

इकाई = इ.
दहाई = द.




ऐसे और भी सवाल बनाओ और हल करो।

# इबारती प्रश्न

1. ललिता को अपने खेल के लिये 25 बीज चाहिए। शीला को चित्र पर रखने के लिए 22 बीज चाहिये। दोनों को कुल कितने बीज चाहिये?
2. तारा बहिनजी ने दो बच्चों को 12–12 पेंसिलें बाँटने को दी। बहिनजी ने कुल कितनी पेंसिलें बाँटने को दीं?
3. राहुल के पास 10 खिलौने थे। उसकी बुआ ने उसे 3 खिलौने और दिये। अब राहुल के पास कुल कितने खिलौने हैं?
4. कमला के बगीचे में आम के 15 व केले के 8 पेड़ हैं। बगीचे में कुल कितने पेड़ हैं?
5. मंगलू के पास 17 गायें थीं। उसने 13 गायें और खरीदीं। अब उसके पास कितनी गायें हैं?
6. गुलाब के एक पौधे पर 8 फूल हैं। दूसरे पौधे पर 12 फूल हैं। दोनों पौधों पर मिलाकर कितने फूल हैं?
7. एक विद्यालय में 45 छात्र थे। 12 नए छात्रों ने और प्रवेश लिया। अब विद्यालय में कितने छात्र हो गए?
8. सेठजी की दुकान में 12 किलोग्राम शक्कर थी। उन्होंने 17 किलोग्राम शक्कर और खरीदी अब उनकी दुकान में कितनी शक्कर है?
9. एक फल वाले के पास 25 किलोग्राम चीकू, 12 किलोग्राम आम और 7 किलोग्राम सेब हैं। बताइये फल वाले के पास कितने किलोग्राम फल हैं।

## इन्हें भी हल करें

1. 33 + 45 = ☐
2. 12 + 27 = ☐
3. 21 + 7 = ☐

4. $\begin{array}{r} 35 \\ +\ 42 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

5. $\begin{array}{r} 31 \\ +\ 40 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

6. $\begin{array}{r} 20 \\ +\ 13 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

ऐसे और भी सवाल बनाओ और हल करो।






# चटकू और मटकू



चटकू, मेरे पास चौदह बेर हैं। दस इस थैले में और चार अलग से।
मेरे पास नौ बेर हैं मटकू। लो इन्हें भी तुम रख लो।
सब मिलाने पर कितने होंगे?
चलो सोचते हैं।
इनमें से दस बेर की एक थैली और बन सकती है। तीन बेर बचे रहेंगे।
इस थैले में तो दस हैं ही। मेरे पास के बाकी चार और तुम्हारे दिए हुए नौ मिले।
दस–दस बीस और तीन.. कुल तेइस बेर हैं चौदह और नौ मिलकर तेईस हुए

# बंडल व तीली



= 12


दस तीलियों का एक बंडल बाँध लो।




= 10 + 2

10 तीलियों से बना 1 बंडल = 1 दहाई

2 खुली तीलियाँ = 2 इकाई



# जोड़ना





सबको मिलाने पर कितनी तीलियाँ होगी?



सब मिलकर 4 बंडल एवं 13 तीलियाँ हुईं।



अब इन 13 खुली तीलियों से तो एक बंडल और बन सकता है।



पहले चार बंडल थे, अब एक नया बंडल और बन गया है तो इसे भी हम चार बंडलों के साथ रख लें। अब हमारे पास हो गये 5 बंडल और 3 तीलियाँ



इसे हम ऐसे भी लिख सकते हैं।

(यह तो तुमने पढ़ा है कि बंडल मतलब दहाई और खुले मतलब इकाई)

(1)


| | द. | ई. |
|---|---|---|
| | 3 | 6 |
| + | 1 | 7 |
| | 4 | (1) 3 |
| | 5 | 3 |


= 4 दहाई + 13 इकाई = 4 दहाई + 10 इकाई + 3 इकाई

= 4 दहाई + 1 दहाई + 3 इकाई

= 5 दहाई + 3 इकाई





| | द. | ई. |
|---|---|---|
| (1) | 2 | 6 |
| + | 1 | 8 |
| | 3 | (1) 4 |

| | द. | ई. |
|---|---|---|
| | 1 | |
| | 2 | 6 |
| + | 1 | 8 |
| | 4 | 4 |

## तुम भी जोड़ो –


$$\begin{array}{r} 39 \\ +\ 20 \\ \hline \square \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 55 \\ +\ 16 \\ \hline \square \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 60 \\ +\ 28 \\ \hline \square \end{array}$$

$$\begin{array}{r} 35 \\ +\ 25 \\ \hline \square \end{array}$$


$$\begin{array}{r} 74 \\ +\ 18 \\ \hline \square \end{array}$$



| | | |
|---|---|---|
| 45 + 48 | 28 + 24 | 39 + 47 |
| 58 + 34 | 65 + 25 | 54 + 36 |
| 34 + 36 | 27 + 37 | 25 + 65 |
| 68 + 27 | 78 + 13 | 53 + 18 |
| 37 + 27 | 80 + 19 | 65 + 25 |


ऐसे और भी सवाल बनाओ और हल करो। सबसे मुश्किल सवाल कौन सा लगा?

## कुछ और सवाल



1. अनिल के पास 25 गेंद हैं। रमेश ने उसे 13 गेंद और दीं। अब अनिल के पास कुल कितनी गेंद हो गईं?
2. संजय के घर में अमरूद के 18 पेड़ और नीबू के 23 पेड़ लगे हुए हैं। बताओ संजय के घर कुल कितने पेड़ लगे हुए हैं?
3. एक बस में 32 यात्री बैठे थे। उसमें 10 यात्री और आ गये। अब बस में कुल कितने यात्री बैठे हैं?
4. एक क्यारी में 26 पौधे लगे हैं और दूसरी क्यारी में 35 पौधे लगे हैं। दोनों क्यारियों में कुल कितने पौधे लगे हुए हैं?
5. रामू 25 बकरियाँ और 15 भेड़ चराने ले गया। रामू कुल कितने जानवर चराने ले गया?
6. सुशीला ने 68 रुपये के सेब और 44 रुपये के केले खरीदे। उसने कुल कितने रुपये के फल खरीदे?
7. राजीव ने 20 रुपये की फुटबॉल खरीदी। अब उसके पास 10 रुपये बचे हैं। तो बताओ पहले उसके पास कुल कितने रुपये थे?
8. सुधीर के पास 15 प्लेटें और राजेन्द्र के पास 20 प्लेटें हैं। दोनों को 10–10 प्लेटें और मिलीं। अब दोनों के पास कितनी–कितनी प्लेटें हो गईं?






साँप–सीढ़ी खेलो व नीचे लिखे सवालों के जवाब भी दो।

(1) यदि तुम्हारी गोटी 5 पर है और तुम्हें 10 पर जाना है तो पासे पर कौनसी संख्या की जरूरत होगी?

(2) तुम 3 पर हो और पासे पर 5 संख्या आये तो तुम कहाँ पहुँचोगे? इसमें तुम्हें कितने घर का फायदा होगा।


(3) तुम 44 पर हो और तुम्हारे पासे में 2 आता है। अब तुम्हें कहाँ जाना होगा? कितने घर पीछे चले जाओगे?


इस खेल को खेलते जाओ, ऐसे और सवाल बनाओ और उन्हें हल करो।





# इन्हें भी जोड़ो






इन तीनों के पास कुल कितने फूल हैं?

| | | |
|---|---|---|
| | 14 | फूल |
| | 22 | फूल |
| + | 32 | फूल |
| | 68 | फूल |

ITHV9N



(1) एक बाग में 45 पेड़ अमरूद के, 23 पेड़ सेब के और 31 पेड़ अनार के हैं। बताओ बाग में कुल कितने पेड़ हैं?

(2) एक दर्जी ने 20 कमीज़ें, 31 पाजामे और 46 कुरते सिले। बताओ दर्जी ने कुल कितने कपड़े सिले?

(3) राजू ने 30 रुपये के खिलौने, 40 रुपये की किताबें और 10 रुपये की टॉफियाँ खरीदीं। बताओ उसने कुल कितने रुपये खर्च किये?

(4) एक बाग में 24 आदमी 18 औरतें और 11 बच्चे बैठे हैं। बताओ बाग में कुल कितने लोग बैठे हैं?

(5) एक टोकरी में 51 गेंद लाल रंग की, 35 गेंद पीली और 22 गेंद नीले रंग की हैं। बताओ टोकरी में कुल कितनी गेंद हैं?

(6) सुनीता ने पहले दिन 13 सवाल, दूसरे दिन 18 सवाल और तीसरे दिन 21 सवाल हल किए। बताओ सुनीता ने तीन दिनों में कुल कितने सवालों को हल किया?

